तापमान
अधिकतम 38 डिग्री
न्यूनतम 19 डिग्री

हरिभूमि
# धमतरी भूमि
रायपुर, शनिवार, 8 मार्च 2025

कुरुद | सिर्री | जीजामगांव | नगरी | मगरलोड



13 बेटियों को मजबूत बना रहे धमतरी के महावीर 'फोगाट'





14 वेंटिलेटर के लिए डेढ़ घंटे तक एम्बुलेंस में तड़पता रहा मरीज




**दोनों पदाधिकारी निर्विरोध चुने गए भाजपाइयों में उत्साह, संख्या बल नहीं होने से कांग्रेस नामांकन भरने से रही वंचित**

# अरूण जिपं अध्यक्ष, गौकरण उपाध्यक्ष बने

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

शुक्रवार को जिला पंचायत धमतरी के प्रथम सम्मिलन में भाजपा समर्थित अध्यक्ष तथा उपाध्यक्ष का चुनाव निर्विरोध संपन्न हो गया। जिला पंचायत क्षेत्र क्रमांक 12 से भारी मतों से जीत दर्ज करने वाले किसान अरूण सार्वा को अध्यक्ष तथा क्षेत्र क्रमांक 3 से जीत दर्ज कराने वाले गौकरण साहू को उपाध्यक्ष चुना गया। उल्लेखनीय है कि जिला पंचायत में निर्विरोध चुनाव तय था। 13 सदस्यीय जिपं में 11 भाजपा समर्थित प्रत्याशियों ने जीत दर्ज की है। वहीं कांग्रेस समर्थित दो सदस्यों ने मारी बाजी। अध्यक्ष, उपाध्यक्ष चुनाव के लिए समर्थक तथा प्रस्तावक के लिए संख्या बल नहीं होने से कांग्रेस अध्यक्ष, उपाध्यक्ष के चुनाव से वंचित हो गई।



जिला पंचायत धमतरी में सुबह 11 बजे चुनावी कार्यक्रम की घोषणा की गई। पीठासीन अधिकारी रीता यादव ने पूरी प्रक्रिया की जानकारी दी। इस दौरान सभी 13 सदस्यों की मौजूदगी रही। चुनावी प्रक्रिया शुरू होते ही भाजपा सदस्य अस्थायी कार्यालय पहुंचे। यहां पर्यवेक्षक के रूप में मौजूद रायपुर ग्रामीण विधायक मोतीलाल साहू ने सभी सदस्यों से चर्चा कर क्षेत्र क्रमांक 12 से चुनकर आए अरूण सार्वा का नाम निकाला। अरूण सार्वा के लिए समर्थक धनेश्वरी साहू तथा प्रस्तावक अजय ध्रुव बने। उन्होंने जिला पंचायत पहुंचकर नामांकन दाखिल किया। कांग्रेस के पास प्रत्याशी, समर्थक और प्रस्तावक के लिए संख्या बल कम होने से वे नामांकन दाखिल नहीं कर पाए। इस तरह अरूण सार्वा निर्विरोध अध्यक्ष घोषित किया गया।

उपाध्यक्ष के लिए विधायक मोतीलाल साहू ने क्षेत्र क्रमांक 3 के सदस्य गौकरण साहू का नाम घोषित किया। उनका भी निर्विरोध चुनाव हुआ और वे उपाध्यक्ष चुने गए। पीठासीन अधिकारी ने अध्यक्ष, उपाध्यक्ष को प्रमाण-पत्र सौंपा। प्रमाण-पत्र के साथ जिला पंचायत से निकलते ही कार्यकर्ताओं का उत्साह देखते ही बना। भाजपाइयों ने आतिशबाजी कर मिठाई बांटी और जिपं अध्यक्ष, उपाध्यक्ष को बधाई देते हुए फूलमालाओं से सम्मानित किया। चुनावी प्रक्रिया के दौरान जिला पंचायत के सदस्य पूजा सिन्हा, कुलेश्वरी गायकवाड़, धनेश्वरी साहू, मोनिका देवांगन, मीना साहू, टीकाराम कंवर, अनीता ध्रुव, अजय ध्रुव, गरिमा नेताम तथा कांग्रेसी सदस्य नीलम चन्द्राकर एवं कविता बाबर मौजूद थी। भाजपा नेता में जिलाध्यक्ष प्रकाश बैस, महापौर रामू रोहरा, पिछड़ा वर्ग आयोग अध्यक्ष नेहरू निषाद, पूर्व विधायक रंजना साहू, श्रवण मरकाम, निरंजन सिन्हा, डेनिस चन्द्राकर, कविन्द्र जैन, बलजीत छाबड़ा, शशि पवार, महेन्द्र पंडित, अविनाश दुबे, विजय साहू, खूबलाल ध्रुव, कमल डागा, बालाराम साहू, उमेश साहू, श्यामा देवी साहू, अशोक सिन्हा, डीपेन्द्र साहू, राजू सिन्हा, पिंकू साहू सहित बड़ी संख्या में पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## समर्थक एवं प्रस्तावक के लायक नहीं रही कांग्रेस : मोतीलाल साहू

भाजपा पर्यवेक्षक विधायक मोतीलाल साहू ने मीडिया से चर्चा में कहा कि यह विष्णु के सुशासन की देन है। धमतरी जिपं में कांग्रेस के पास समर्थक एवं प्रस्तावक के लायक सदस्य नहीं है। कांग्रेस ईवीएम पर हार का ठीकरा फोड़ती है। अब तो जनता ने बैलेट पेपर से आशीर्वाद दिया है। पूरे प्रदेश में सभी जगह पर भाजपा की सरकार है।

## विकास और अंत्योदय मेरा लक्ष्य : अरूण सार्वा



जिला पंचायत के नवनिर्वाचित अध्यक्ष उद्यानिकी के वृहद किसान हैं। करीब 100 एकड़ में कृषि कर आसपास के सैकड़ों मजदूरों को रोजगार देने वाले अरूण सार्वा ने हरिभूमि से चर्चा में कहा कि जनता ने ट्रिपल इंजन की सरकार बनाई है। केन्द्र और राज्य सरकार की योजनाओं को अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाना उनका लक्ष्य होगा। उनका उद्देश्य विकास और सिर्फ विकास रहेगा। भाजपा हर व्यक्ति का विकास चाहती है। किसान, महिला, युवा सहित सभी वर्ग के हितों का ध्यान रखा जाएगा। ज्ञात हो कि सार्वा के भाजपा प्रत्याशी के रूप में घोषित होने के बाद नगरी कार्यालय में तोड़फोड़, आगजनी की घटना सामने आई थी। इस संबंध में श्री सार्वा ने कहा कि बीती बातों को भुला देना चाहिए।

# चार्ज लेते ही एक्शन मोड में कलेक्टर



- सहायक खनिज अधिकारी का एक दिन का वेतन काटा, सभी को टाइम पर आफिस आने के दिए निर्देश

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

चार्ज लेने के बाद पहले दिन ही कलेक्टर अबिनाश मिश्रा एक्शन मोड में नजर आए। कलेक्टोरेट के निरीक्षण के दौरान सहायक खनिज अधिकारी गायब मिले। कलेक्टर श्री मिश्रा ने उनका एक दिन का वेतन काटने के निर्देश दिए। सभी कर्मचारियों को उन्होंने सुबह 10 बजे अनिवार्य रूप से आफिस में उपस्थित होने के निर्देश दिए हैं।

कलेक्टर नम्रता गांधी के ट्रांसफर के बाद नए कलेक्टर के रूप में अबिनाश मिश्रा ने चार्ज सम्हाल लिया है। काम के पहले दिन शुक्रवार को उन्होंने कलेक्टोरेट के सभी विभागों का निरीक्षण किया। खनिज शाखा के निरीक्षण के दौरान सहायक खनिज अधिकारी सुभाषचंद्र साहू आफिस से नादारद मिले। तत्काल एक्शन लेते हुए कलेक्टर श्री मिश्रा ने उनके एक दिन का वेतन काटने के निर्देश दिए। खनिज शाखा के साथ कलेक्टर श्री मिश्रा ने डीएमएफ, अपर कलेक्टर न्यायालय, स्थानीय निर्वाचन, भू-अभिलेख, सामान्य, वित्त शाखा, समाज कल्याण, कोषालय, आदिवासी विकास, कृषि, श्रम, खाद्य, एनआईसी, चिप्स, नजूल शाखा सहित विभिन्न कार्यालयों का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने विभागों में संचालित योजनाओं, उनसे लाभान्वित हितग्राहियों की जानकारी ली।

## साफ-सफाई पर फोकस

श्री मिश्रा रायपुर नगर निगम में आयुक्त भी रह चुके हैं। साफ सफाई, पेयजल पर उन्होंने फोकस किया। श्री मिश्रा ने कार्यालयों में बेहतर साफ-सफाई, पेयजल व्यवस्था आदि सुनिश्चित करने के निर्देश दिये। कलेक्टर ने कार्यालयों में काम करने वाले अधिकारी-कर्मचारियों का नाम एवं पदनाम वाली पट्टिकाएं अनिवार्य रूप से लगाने के निर्देश दिए। उन्होंने सभी कार्यालयों में अधिकारी-कर्मचारियों को निर्धारित समय सुबह 10 बजे कार्यालय में अनिवार्य रूप से उपस्थित होने को कहा।

## लोगों को भटकना न पड़े, झूलाघर का किया निरीक्षण



निरीक्षण के दौरान कलेक्टर श्री मिश्रा ने छोटी-छोटी समस्याओं को लेकर दूरदराज से कलेक्टोरेट कार्यालय आने वाले लोगों का काम प्राथमिकता के साथ करने के निर्देश अधिकारियों को दिए ताकि किसी भी व्यक्ति को बेवजह कलेक्टोरेट या अन्य दफ्तर का चक्कर लगाना न पड़े। उन्होंने कलेक्टोरेट परिसर में सफाई व्यवस्था दुरूस्त करने को कहा। कलेक्टोरेट कार्यालय में संचालित झूला घर के निरीक्षण के दौरान छोटे बच्चों की बेहतर तरीके से देखभाल करने तथा उन्हें खेलने के लिए खिलौने आदि पर्याप्त संख्या में सुरक्षा के साथ उपलब्ध कराने के निर्देश दिए।

# कचना में लोककला महोत्सव 28 से

**जीजामगांव।** इस वर्ष भी छग रामधुनी महासंघ के मार्गदर्शन में त्रिदेव रामधुनी व रामायण समिति व ग्रामवासियों के सहयोग से 28, 29 एवं 30 मार्च को कचना के गौठान चौक, बस स्टैंड कचना में लोककला महोत्सव का आयोजन किया गया है। प्रथम दिवस संध्या 4 बजे राउत नाचा के साथ कलश शोभायात्रा निकलेगी। द्वितीय एवं अंतिम दिवस रामायण, पंडवानी, पंथी नृत्य, जस झांकी, रामधुनी एवं फाग कार्यक्रम होगा। हिन्दू नववर्ष उत्सव मनाया जायेगा। कार्यक्रम की तैयारी में जय अम्बे रामधुनी, श्रीराम महाकाव्य मानस मंडली एवं जय सरस्वती रामधुनी मंडली कचना के सदस्य जुटे हैं।


**पाठक सूचना**

धमतरी जिले में हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें

मो. 9826114710, 9993322768
9098324969






**7 वंडर सिटी | 7389900999, 6262110999**

**महादेव घाट के आगे, सांकरा (अम्लेश्वर) पाटन रोड, ग्रेटर रायपुर**

साइट विजिट के लिए स्कैन करें

Bank Account Name - MARUTI INFRAA CITY PVT LTD 7 WONDER CITY RERA RECEIVABLES ACCOUNT NUMBER 004772500000257 | IFSC CODE - YESB0000047 | Branch - YES Bank Limited, Civil Lines, Raipur (C.G.) इसके अलावा हमारा कोई और बैंक एकाउंट नही है, और हमारी कोई ब्रांच नही है। हमारे यहाँ किसी भी प्रकार का कैश लेन-देन नहीं किया जाता। प्लॉट बुकिंग हेतु 25% राशि अनिवार्य है, प्लॉट बुकिंग Confirmation हेतु विक्रय एग्रीमेंट अनिवार्य है, प्लॉट की रजिस्ट्री, प्लॉट की बुकिंग दिनांक से 60 दिन के अन्दर करना अनिवार्य है, अन्यथा विक्रेता को यह अधिकार होगा कि वह प्लॉट की बुकिंग रद्द कर सकता है। Web : www.marutiinfraacitypvtltd.com, Email : marutiinfraacitypvtltd@gmail.com , Image For Representation Purpose Only

2500 sq.ft की रजिस्ट्री पर 100 ग्राम सोना फ्री, 2000 sq.ft की रजिस्ट्री पर 80 ग्राम सोना फ्री, 1800 sq.ft की रजिस्ट्री पर 72 ग्राम सोना फ्री, 1500 sq.ft की रजिस्ट्री पर 60 ग्राम सोना फ्री, 1300 sq.ft की रजिस्ट्री पर 52 ग्राम सोना फ्री, 1200 sq.ft की रजिस्ट्री पर 48 ग्राम सोना फ्री, 1100 sq.ft की रजिस्ट्री पर 44 ग्राम सोना फ्री, 900 sq.ft की रजिस्ट्री पर 36 ग्राम सोना फ्री

## खबर संक्षेप



### पार्षद ने नाली की सफाई कराई

**नगरी।** नगर पंचायत नगरी के वार्ड क्रमांक 03 के पार्षद मिकी गुप्ता ने शपथ ग्रहण करते ही दूसरे दिन सुबह अपने वार्ड की नाली की साफ-सफाई कराई।

### साय सरकार का बजट निराशाजनकः टिकेन्द्र



**अंवरी।** एनएसयूआई प्रदेश कार्यकारणी सदस्य टिकेन्द्र सिन्हा ने साय सरकार के बजट को निराशाजनक बताया। उन्होंने कहा कि जनता को कोई राहत नहीं दी गई और न किसान, युवाओं और महिलाओं के लिए कोई ठोस योजना बनाई गई है। धमतरी के छात्र-छात्राओं की सबसे पुरानी मांग मेडिकल कॉलेज, बीएड कॉलेज, एलएलएम के लिए बजट में कोई प्रवधान नहीं है। इस बजट में आम लोगों की आमदनी में कोई इजाफा नहीं होगा। यह बजट ऊंची दुकान फीका पकवान जैसा है। जमीनी हकीकत से इसका कोई लेना-देना नहीं।

### बजट में सभी वर्ग का ख्याल रखा गया : दुलेश्वर



**अंवरी।** पूर्व नपं भखारा उपाध्यक्ष दुलेश्वर साहू ने बजट की तारीफ करते हुए कहा कि यह ऐतिहासिक दिन है। पिछले बजट का थीम ज्ञान था। यानी गरीब, यूथ, अन्नदाता किसान और नारी शक्ति केन्द्र बिन्दु था। सरकार ने मोदी की गारंटी को पूरा करने की कोशिश की है। नगरीय निकाय और पंचायत चुनाव में जनता का भरपूर आशीर्वाद मिला है। सीएम ने कहा कि इस बार की थीम गति है। जी यानी गुड गवर्नेस, सरकार सुशासन के लिए अलग से विभाग की स्थापना कर प्रयास कर रही है। आई यानी अधोसंरचना विस्तार, टी यानी टेक्नॉलॉजी और आई यानी इंडस्ट्रयल ग्रोथ के लिए प्रयास कर रही है। सरकार ने सभी वर्ग के कल्याण के लिए बजट में प्रावधान किया है। उन्होंने कहा कि सड़कों का जाल बिछाने के लिए दो हजार करोड़ का प्रावधान किया है।

### निधन : शम्भूराम कंवर



**डांडेसरा(धमतरी)।** ग्राम डांडेसरा निवासी शम्भूराम कंवर 53 वर्ष का निधन 7 मार्च शुक्रवार को हो गया। वे कुलेश्वरी कंवर के पुत्र, चंद्रकांता कंवर के पति एवं रुपन कंवर, गौरी कंवर के पिताजी थे। उनका अंतिम संस्कार गृहग्राम डांडेसरा के शांतिघाट में किया गया, जिसमें श्यामरतन, महेन्द्र, रुपेश, मानस, पियांश, श्यामलाल, कुलेश्वर, पप्पू, लुकेश, ढालू, भीषम, लेखू सहित बड़ी संख्या में समाजजन एवं ग्रामवासी उपस्थित थे।

नगर पंचायत मगरलोड भैंसमुण्डी में हुआ शपथग्रहण समारोह

# नवनिर्वाचित अध्यक्ष व पार्षदों ने ली शपथ

हरिभूमि न्यूज ▶▶मगरलोड







नगर पंचायत मगरलोड भैंसमुण्डी के नवनिर्वाचित अध्यक्ष एवं पार्षदों का 7 मार्च शुक्रवार को 11 बजे शपथ ग्रहण समारोह हुआ। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि सिहावा विधायक अंबिका मरकाम थीं। अध्यक्षता पूर्व विधायक डॉ लक्ष्मी ध्रुव, प्रभारी एवं पूर्व जिला पंचायत सदस्य तारिणी नीलम चन्द्राकर ने की। विशिष्ट अतिथि प्रथम नगर पंचायत अध्यक्ष सुरेश कुमार साहू, पूर्व नगर पंचायत अध्यक्ष नीतू खिलावन साहू थे।

मौके पर कुरूद एसडीएम नभसिंह कोसले ने नवनिर्वाचित अध्यक्ष लीलेश सुरेश साहू के साथ पार्षदगण दशोदा साहू, बिदम चौहान, यादराम गायकवाड़, तुलसी राजू राव, घनश्याम साहू, अशोक साहू, ईश्वरी सत्यनारायण साहू, ईश्वरचंद साहू, खिलावन साहू, जितेश्वरी लोम साहू, चेतन बिझेकर, सुरेश साहू, रूक्मणी तोरण सिन्हा, बिराजोबाई जयतु साहू, हिरवानी ठाकुर को शपथ दिलाई।

इस अवसर पर प्रभातराव मेघावाले, ब्लॉक अध्यक्ष डीहूराम साहू, हेमंत साहू, गिरीश साहू, चंद्रहास साहू, स्मिता सिंह, खिलेश्वरी साहू, राजेन्द्र साहू, डाकुवर साहू, बिसहत साहू, बालगोविंद साहू, तहसीलदार मनोज भारद्वाज, सीएमओ अशोक चौहान, इंजीनियर संजय पैकरा, कर्मचारी विशाल कोसले, उज्जवल निषाद, चिरंजीव, लोहित निषाद, जय साहू उपस्थित थे।

## लाइनमेन दिवस मनाया गया



हरिभूमि न्यूज ▶▶कुरूद

कार्यालय कार्यपालन अभियंता (संचा./संधा.) संभाग छग राज्य विद्युत वितरण कम्पनी मर्यादित कुरुद अंतर्गत 4 मार्च को लाइनमेन दिवस मनाया गया। इस अवसर पर अधिकारीगण जीके बंजारे, सुरेश कोसरे, राकेश सिन्हा, दोमन एवंती एवं कार्यालयीन कर्मचारियों द्वारा सभी लाइन कर्मचारियों को सम्मानित किया गया। श्री बंजारे ने बताया कि नियमित, संविदा, आउटसोर्स लाइनकर्मियों के फील्ड में निरन्तर सेवा करने की वजह से ही पूरे राज्य में निर्बाध विद्युत व्यवस्था बनी रहती है। उनके द्वारा सभी कर्मचारियों को सुरक्षा सामग्री के साथ कार्य करने व मादक द्रव्यों का सेवन न करने की शपथ दिलाई गई। कनिष्ठ यंत्री राकेश सिन्हा ने लाइन में कार्य के दौरान दुर्घटना से बचने हेतु पुस्तिका वितरण व पठन किया। लाइन कर्मचारियों को प्रशस्ति पत्र, स्मृति चिन्ह, पुष्प प्रदान कर सम्मानित किया गया। यह कार्यक्रम कुरुद, भखारा व मगरलोड उपसंभाग में मनाया गया। सहायक यंत्री सुरेश कोसरे ने आभार व्यक्त किया। मौके पर टीकूराम, विक्रान्त ठाकुर, रोशन ध्रुव, परमेश्वर, राजेश, देवेंद्र, युवराज, गोविंद, रविकांत, गणेश्वर खिलेश उपस्थित थे।

## नवनिर्वाचित जनपद अध्यक्ष ने विधायक चंद्राकर से लिया आशीर्वाद

हरिभूमि न्यूज ▶▶कुरूद



जनपद पंचायत कुरुद क्षेत्र के प्रथम गांव जोरातराई (सी) से जनपद सदस्य निर्वाचित होने के बाद अध्यक्ष बनाये जाने पर गीतेश्वरी हेमंत साहू ने विधायक अजय चंद्राकर से मुलाकात कर क्षेत्र के चहुमुंखी विकास के लिए आशीर्वाद मांगा।

शुक्रवार को सुबह नवनिर्वाचित जनपद अध्यक्ष श्रीमती साहू ने अपने समर्थकों एवं भाजपा के वरिष्ठ कार्यकर्ताओं के साथ रायपुर स्थित विधायक निवास पहुंचकर अध्यक्ष बनाये जाने के लिए विधायक चंद्राकर का आभार जताया साथ ही क्षेत्र के चहुमुंखी विकास के लिए आशीर्वाद मांगा। इस दौरान श्री चंद्राकर ने गीतेश्वरी से कहा कि पार्टी या संगठन में बेहतर कार्य करने वालों के लिए पद की कमी नहीं है। सक्रियता बरकरार रख कार्यकर्ताओं का ख्याल रख पार्टी की विचारधारा को जन-जन तक पहुंचाने का कार्य प्रमुखता से करना है। उन्हें जिस अपेक्षा के साथ अध्यक्ष पद दिया गया है, उस कार्य का निर्वहन ईमानदारी से करने की बात कह उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। साथ ही आश्वस्त किया कि उनके रहते क्षेत्र में विकास कार्य को लेकर चिंता करने की जरूरत नहीं है।

इस अवसर पर वरिष्ठ भाजपा नेता चोवाराम गंजीर, निवर्तमान जोरातराई सरपंच सविता गंजीर, हेमंत साहू, प्रताप साहू, मोनू साहू, यशवंत गंजीर, महेंद्र साहू उपस्थित थे।

## मेहनतकश और ईमानदार है पटेल समाज : ज्योति

- सिवनीकला में हुआ जीजामगांव राज का शाकंभरी महोत्सव एवं वार्षिक अधिवेशन

हरिभूमि न्यूज ▶▶जीजामगांव





जीजामगांव राज का शाकंभरी महोत्सव एवं वार्षिक अधिवेशन ग्राम सिवनीकला में हुआ। मुख्य अतिथि ज्योति भानु चन्द्राकर नपं कुरुद, अति विशिष्ट अतिथि सुनील पटेल प्रदेश अध्यक्ष छग, खेलूराम पटेल प्रदेश उपाध्यक्ष छग, कुबेर पटेल प्रदेश महामंत्री, सियाराम पटेल प्रदेश महामंत्री, ईश्वर पटेल जिलाध्यक्ष रायपुर, विशिष्ट अतिथि ईश्वरलाल साहू पूर्वसरपंच सिवनीकला, सुशील साहू पूर्व जनपद सभापति कुरुद, टिकेश्वर चन्द्राकर ग्राम प्रमुख, श्रीमती लता ध्रुव सरपंच सिवनीकला, काशीराम साहू, दुलीचंद साहू, सुरेश तारक, डिलेन्द्र यादव, राज संरक्षक बंशीलाल पटेल, बैशाखूराम पटेल, दुर्गेश पटेल, कपिल पटेलराज अध्यक्ष, गोपीचंद पटेल उपाध्यक्ष, नूतन पटेल कोषाध्यक्ष, महेन्द्र पटेल सचिव, धनेश्वर प्रसाद पटेल प्रवक्ता, सलाहकार राधेलाल पटेल, खिलावन पटेल, भागीरथ पटेल, नेकराम पटेल, मनहरण पटेल, उत्तम पटेल थे।

इस अवसर पर मुख्य अतिथि श्रीमती चन्द्राकर ने समाज को आगे बढ़ाने पर जोर दिया। पटेल समाज के इतिहास को सराहा। आगे कहा कि पटेल समाज अपनी कड़ी मेहनत से पूरे समाज के लिए शाक सब्जी, फल, फूल, उपलब्ध कराकर जीवों का पालन पोषण करता है। उन्होंने जैविक खेती करने के लिए प्रोत्साहित किया। प्रदेशध्यक्ष सुनील पटेल ने कहा कि पटेल समाज मेहनतकश समाज है। समाज को नशामुक्त समाज बनाने के लिए प्रोत्साहित किया।

## किसानों की मांगों को लेकर निकाली बाइक रैली





- भारतीय किसान संघ का स्थापना दिवस मनाया गया

हरिभूमि न्यूज ▶▶मगरलोड

4 मार्च को नगर पंचायत मगरलोड के पुराना बाजार चौक में भारतीय किसान संघ का स्थापना दिवस मनाया गया। इस अवसर पर किसानों के देवता भगवान बलराम के छायाचित्र पर माल्यार्पण कर पूजा अर्चना की गई। भारतीय किसान संघ के जिलाध्यक्ष लालाराम चंद्राकर के नेतृत्व में प्रदेश के किसानों की समस्याओं एवं मांगों को लेकर पुराना बाजार चौक से भगवान बलराम के जयघोष के साथ बाइक रैली निकाली गई। इसके बाद मुख्यमंत्री के नाम तहसीलदार को ज्ञापन सौंपा गया। कार्यक्रम में भारतीय किसान संघ मगरलोड के अध्यक्ष मनसिंह साहू, उपाध्यक्ष मंशाराम साहू, कोषाध्यक्ष नरेंद्र साहू, सुकुलराम साहू, श्रवण साहू, गिरधारी पटेल, बलराम साहू, लेखराम साहू, रामजी सोनी, सीताराम, गिरधारी पटेल, जोहतराम साहू, हीरालाल साहू, कोमल साहू, देवनारायण सेन, हीरालाल साहू, वेदराम साहू, लखन साहू, कमलेश, बसंत, बीरेंद्र साहू, गौतम आदि उपस्थित रहे।

## डांडेसरा में किसान कार्ड बनवाने उमड़ रहे किसान

- किसान को अलग-अलग गांव की ऋण पुस्तिका को सुरक्षित रखने की समस्याओं से मिलेगी निजात

हरिभूमि न्यूज ▶▶डांडेसरा(धमतरी)



केंद्र सरकार एवं राज्य सरकार की योजना के तहत पूरे प्रदेश के किसानों का किसान कार्ड बनाया जाना है। गांव की जमीन को एक कार्ड के भीतर लाकर बारह अंकों का एक यूनिक किसान कार्ड बनाया जाएगा, जिसमें केंद्र एवं राज्य सरकार की विभिन्न योजनाओं का लाभ किसानों को सुगमता से मिल सकेगा, साथ ही यह यूनिक कार्ड यूनिक ऋण पुस्तिका की तरह काम करेगा, जिसमें अनेक गांव की जमीन एक ही कार्ड में समाहित रह सकेगा। इससे किसानों को अलग-अलग गांव की ऋण पुस्तिका को सुरक्षित रखने की समस्याओं से निजात मिल जाएगी। यदि वह किसान अपने 12 अंकों का किसान कार्ड अंक याद रखता है तो देश के किसी भी कोने में जाकर अपनी पहचान एक किसान के रूप में दे सकेगा, साथ ही उन्हें सभी तरह की योजनाओं का लाभ आसानी से मिल सकेगा।

कुरूद एसडीएम नभसिंह कोसले, तहसीलदार दुर्गा साहू के निर्देश पर कुरूद तहसील के सभी ग्रामों में शिविर लगाकर किसानों का किसान कार्ड बनाने की मुहिम छेड़ी गई है। इस कार्य में राजस्व विभाग के सभी अधिकारी सहित सभी ग्रामों के हल्का पटवारी मिशन के तौर पर लगे हुए हैं। इसी कड़ी में ग्राम पंचायत डांडेसरा के चॉइस सेंटर प्रभारी वेदांशु साहू द्वारा प्रातः 7 बजे से ही सेवाएं सेवाएं दी जा रही हैं। इसके समुचित प्रचार-प्रसार के लिए डांडेसरा के राजस्व पटवारी वीरेंद्र बैस, ग्राम सेवक प्रेमलाल ठाकुर, नवनिर्वाचित सरपंच खुमेश्वरी दीपक साहू, आवास मित्र पेमन कुमार कंवर, सचिव खेदनलाल निषाद, रोजगार सहायक एमन्त कंवर, कम्प्यूटर आपरेटर भोलेश्वर यादव, पंचायत भृत्य टिकेश्वर साहू, ग्राम कोटवार गुलाब दास मानिकपुरी सहित सभी पंच एवं ग्रामवासी जुटे हैं।

गुप्त रोगी स्वयं मिलें
स्त्री पुरूष गुप्त रोग नपुंसकता, उत्तेजना कम होना, हस्तमैथुन द्वारा नसों में कमजोरी, शीघ्रपतन, स्वप्नदोष, गुप्त अंग का छोटापन, शुक्राणु की कमी, पेशाब में धातु जाना, पेशाब में जलन होना, शुगर से आई हुई सेक्स में कमी व पुराने से पुराने गुप्त रोगी संपर्क करें
संजीवनी आयुर्वेदिक दवाखाना
बस्तर रोड, अंबेडकर चौक, मानस डेली नीड्स के सामने, अंगारमोती मेडिकल स्टोर्स के ऊपर, धमतरी मो. 9174466336

## अंचल की खबरें

### मेघा में सरपंच सहित 20 पंचों ने ली शपथ



**मगरलोड।** मेघा में नवनिर्वाचित सरपंच मनीषा गजेंद्र ध्रुव ने शपथ ग्रहण कर कार्यभार ग्रहण किया। कार्यक्रम में रामचरण पटेल, दाऊलाल पटेल, प्रभात मेघावाले, अभिनव मेघवाले, हेमनाथ साहू, सुखऊ पटेल, मेघनाथ साहू, रामा बंजारे, नीरा पटेल, शंकरलाल साहू, केशरु महेंद्र तथा गणमान्य नागरिकों की मौजूदगी में पंचगण तुलेश निषाद, पद्मनी सोनी, धर्मेन्द्र साहू, सरिता विश्वकर्मा, शकुंतला बंजारे, गोदावरी, सोहद्रा, डामिन, यक्षकुमार, डोमेन्द्र, बेदराम, रितु निषाद, योगेश्वरी, हेमलता, कृष्ण कुमार, छत्रपाल, भुनेश्वरी, थनवार, संगीता, हेमबाई को शपथ दिलाई गई। कार्यक्रम का संचालन सचिव प्रेमलाल निषाद ने किया। मौके पर रोजगार सहायक सुरेश साहू, योगेश्वर साहू, पुरुषोत्तम पटेल, जागेश्वर पटेल, संतोष साहू, सोमनाथ निषाद, देवनाथ तोरण, साधना, उषा, फेकन, टिकेश्वरी, ललिता साहू, मधु गुप्ता, प्रेमलता, दीनदयाल सहित सैकड़ों ग्रामवासी उपस्थित थे।

### कुल्हाड़ी पंचायत में शपथ ग्रहण समारोह आयोजित



**जीजामगांव।** ग्राम कुल्हाड़ी में नवनिर्वाचित सरपंच और पंचों का शपथ ग्रहण समारोह हुआ। सरपंच सुमित योगेंद्र साहू सहित के वार्डों के पंचगणों ने शपथ ली और ग्राम के विकास को नया आयाम देने के लिए संकल्पित हुए। सरपंच सुमित योगेंद्र साहू ने कहा कि हम सब दलगत भावना से दूर हटकर गांव को एकता के सूत्र में बांधकर ग्राम विकास के मुद्दों पर ध्यान देंगे। गांव की आर्थिक और सामाजिक समस्याओं के समाधान के लिए अपनी पूरी सहभागिता देंगे। नवनिर्वाचित पंचों गायत्री साहू, गंगा साहू, नीतू साहू, बबली साहू, वीणा साहू, दामिनी यादव, ज्योति यादव, नीलेश्वरी नागरची, यशवंत साहू, मिथिलेश यादव, हीराचंद साहू, कोमल सेन ने पद एवं गोपनीयता की शपथ ली। इस अवसर पर प्रेमसिंह साहू सचिव, डॉ. लोकेश साहू, प्रियंका साहू, संतकुमार पटेल, शिव ध्रुवंशी, विनोद साहू, जनकराम साहू, नंदकुमार साहू, सरजू साहू, कार्तिक साहू, नंदू साहू, तोमेश साहू, नम्मू साहू, नेमू नेतमा, प्रीतम साहू, सत्यभामा साहू, विश्वास साहू, परदेसी साहू सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे।

### एनएसयूआई ने विधायक को ज्ञापन सौंपा



**मगरलोड।** यशवंतराव मेघावाले शासकीय महाविद्यालय मगरलोड के विद्यार्थियों को हो रही विभिन्न समस्याओं को संज्ञान में लेकर एनएसयूआई जिलाध्यक्ष राजा देवांगन के निर्देश पर एनएसयूआई जिला संयोजक सूरज सिन्हा ने सिहावा विधायक अम्बिका मरकाम को ज्ञापन सौंपा। इस पर विधायक ने जल्द से जल्द निराकरण करने की बात कही। इस दौरान एनएसयूआई जिला सचिव भेपेंद्र कंवर, एनएसयूआई ब्लॉक उपाध्यक्ष अजय देवांगन, युवा कांग्रेस पूर्व ब्लॉक अध्यक्ष दिलीप सोनी उपस्थित थे।

### पंचायत सचिव, रोजगार सहायकों को मिला प्रशिक्षण





**नगरी।** जनपद पंचायत नगरी के सभाहाल में उपसरपंच निर्वाचन के लिए नगरी विकासखण्ड के 102 पंचायत सचिव, रोजगार सहायक को प्रशिक्षण दिया गया। अनुविभागीय अधिकारी राजस्व मैडम, प्रीति दुर्गम, डिप्टी कलेक्टर तेजपाल ध्रुव ने दिशा निर्देश दिए।

Pride of Dhamtari

आनंद उत्सव
जियो पेट्रोल पंप के सामने, अर्जुनी, रायपुर रोड, धमतरी
संपर्क करें : परमानन्द सिन्हा 9560298043, 8178069165
पारिवारिक मांगलिक कार्य - विवाह, सगाई, जन्मदिन, वर्षगांठ, प्रशिक्षण कार्यक्रम, सेमीनार, प्रदर्शनी एवं कार पार्किंग की सुविधा उपलब्ध है

सूर्या किराया भंडार एवं केटरिंग
शुद्ध आहार शाकाहार
ऑफिस : पुराना बस स्टैण्ड, धमतरी
धमतरी | भवन सुविधा उपलब्ध | शांतिपुर पुरूर
निगम सामुदायिक भवन
राखेचा भवन
94063-16777
73890-66777
सूर्या मैरिज ग्राउण्ड
राजवीर वाटिका
शादी, सगाई, बर्थडे एवं अन्य समारोह हेतु डेकोरेशन फ्लावर, लाईट, भवन, भोजन सभी सुविधा उपलब्ध है

विज्ञापन के लिए संपर्क करें :- हरिभूमि
धमतरी - 98261-14710, 75873-71999, कुरुद - 98268-82770, नगरी -75818-01429
मगरलोड - 97526-17538, सिर्री - 99261-66875, जीजामगांव - 95754-57523, अंवरी-97535-23273
राजधानी मार्ग, मसीही चिकित्सालय के सामने, धमतरी फोन : 07722-357201


शपथ ग्रहण
समारोह
8 मार्च 2025, शनिवार
दोपहर 2 बजे
नगर पंचायत परिसर
भखारा-भठेली
नगर पंचायत भखारा - भठेली
के नवनिर्वाचित अध्यक्ष
श्रीमती ज्योति हरख जैन
एवं समस्त पार्षद गणों के
शपथ ग्रहण में पधार रहे समस्त अतिथियों का
शत्-शत् अभिनंदन
स्वागत
श्रीमती ज्योति जैन
अध्यक्ष नगर पंचायत भखारा-भठेली
परदेशी कंवर वार्ड 1
भूपेन्द्र यादव वार्ड 2
भानूप्रताप गायकवाड़ वार्ड 3
छबि निर्मलकर वार्ड 4
अविनाश गौर वार्ड 5
चांदनी साहू वार्ड 6
झम्मन साहू वार्ड 7
मेघनाथ साहू वार्ड 8
अंजू साहू वार्ड 9
खेमलता साहू वार्ड 10
हितेन्द्र कुमार साहू वार्ड 11
विष्णु साहू वार्ड 12
डूमेंद्र गंगबेल वार्ड 13
भूपेश्वरी चंदेल वार्ड 14
गौतमी पटेल वार्ड 1
विनीत : मुख्य नगर पालिक अधिकारी, नगर पंचायत भखारा-भठेली

## अंचल की खबरें

### देवरी के सरपंच एवं पंचों ने ली शपथ



**धमतरी।** ग्राम पंचायत देवरी के सरपंच महेश कुमार चंद्राकर, पंच पंकज साहू, ओमप्रकाश सिन्हा, गोविंद साहू, मुकेश साहू, महेश्वरी साहू, संतुराम धीवर, दिलीप कुमार, डोकेश्वर साहू, धनेश्वरी सिन्हा, पुरूषोत्तम सतनामी, हेमलता मनाग्रे, सरोज सेन, शंकर साहू, कुंतीबाई साहू, नंदिनी सेन, प्रभा ध्रुव, कोशन ध्रुव, दामिनी साहू, सरिता निर्मलकर, सुनीता साहू ने शपथ ली।

### पार्षद ने गलियों की साफ-सफाई कराई



**नगरी।** नगर पंचायत के वार्ड क्र. 10 की पार्षद डागेश्वरी योगेश साहू शपथ ग्रहण के दूसरे दिन अपने वार्ड की साफ-सफाई देखने पहुंची। वहां पसरी गंदगी को देखते ही नगर पंचायत की जेसीबी के माध्यम से अपने गलियों की साफ सफाई कराई। डागेशवरी ने मोहल्लेवासियों से आग्रह किया कि वे अपने घर के कूड़ा-करकट, पालीथिन को नाली में न डाले।

### जोधापुर में एग्रीस्टेक परियोजना रजिस्ट्री शिविर लगा



**धमतरी।** जोधापुर वार्ड में एग्रीस्टेक परियोजना अंतर्गत किसानों के फॉर्मर रजिस्ट्री ऑनलाइन पोर्टल के माध्यम से पंजीयन हेतु साहू पारा राशन दुकन के पास शिविर आयोजित किया गया। शिविर में सीएससी द्वारा पंजीयन कार्य किया गया। जोधापुर वार्ड पार्षद सत्येंद्र देवांगन की उपस्थिति में शिविर लगाया गया जिसमें जोधापुर, सोरिद एवं डॉकबंगला वार्ड के किसान उपस्थित थे।

### कांग्रेसी पार्षदों ने ली सत्यनिष्ठा की शपथ



**धमतरी।** आमदी नगर पंचायत परिसर में नवनिर्वाचित कांग्रेसी पार्षदों का शपथ ग्रहण समारोह हुआ। धमतरी विधायक ओंकार साहू के मुख्य आतिथ्य में आयोजित इस कार्यक्रम में एसडीएम पवनसिंह प्रेमी ने कांग्रेसी पार्षदों को सत्यनिष्ठा की शपथ दिलाई।

### सचिव ने सरपंच एवं पंचों को दिलाई शपथ



**कोर्रा(भखारा)।** ग्राम पंचायत मड़ाईभाठा में नवनिर्वाचित सरपंच एवं पंचों का शपथ ग्रहण समारोह हुआ। सरपंच चंद्रेश चांद ने शपथ ली कि सरपंच पद में निर्वाचन होने के फलस्वरूप छग पंचायत राज अधिनियम 1993 में प्रावधानों के अनुरूप सौंपे गए दायित्वों का शुद्ध अंतःकरण से भय या पक्षपात के बिना सम्यक रूपेण निर्वहन करेंगे। साथ ही जनकल्याणकारी योजनाओं के क्रियान्वयन में अपनी सर्वोत्तम क्षमता विधि सम्मत कार्य करेंगे। पंचगण गणेश यादव, जामुनबाई, खोमन प्रजापति, सुमित्रा निषाद, बृजबाई साहू, इंद्राणी साहू, प्रमिला साहू, मन्नू ध्रुव, भूषण साहू, गजानंद देवांगन, जैनीबाई, दुर्गाबाई ने भी ग्राम पंचायत क्षेत्र में स्वच्छता बनाए रखने पर्यावरण एवं जल संग्रहण के कार्यों में सहयोग करने की शपथ ली। मौके पर पूर्व सरपंच पुष्पा साहू, रोजगार सहायिका तुमेशकली देवांगन, रमन पारकर, मनोज साहू, मिलाप साहू, विरेंद्र साहू, राधाकिशन कदम, देवरस पुरी, धर्मेंद्र साहू, कन्हैया निषाद, कल्याण निर्मलकर, ग्राम कोटवार प्रवीण चांद समेत अन्य उपस्थित थे।

### कम्पोजिट बिल्डिंग के पास ओपन जिम शुरू



**धमतरी।** सुबह की सैर ग्रुप ने कम्पोजिट बिल्डिंग के पास ओपन जिम की मांग पूर्ण होने पर कलेक्टर नम्रता गांधी का आभार व्यक्त किया। आभार व्यक्त वालों में रेखराम बारदे, जेआर साहू, केके साहू, भारतभूषण साहू, एसके पाठक, बीएल साहू, सुबोध तिवारी, रिखीराम साहू, रविसिंह, एसपी जोशी, दूजराम सोनकर, एमके सोनगुई, एसआर कमलवंशी, भारत ध्रुव, डीएल साहू, लोकेश ध्रुव शामिल हैं।

मजदूरी कर बंशी दादा ने बेटियों को बनाया पहलवान, अब बच्चों को सिखा रहे अखाड़ा के करतब

# बेटियों को मजबूत बना रहे धमतरी के "महावीर फोगाट"

दीपनारायण शर्मा ▶▶धमतरी

बंशी उस्ताद, पूरा गांव अब उसे इसी नाम से जानता है और ऐसा हो भी क्यूं ना। उसने काम ही ऐसा किया। खुद तो कुछ भी पढ़ नहीं पाए। लेकिन बेटियों को पढ़ाया ही नहीं बल्कि पहलवान भी बनाया। पावर लिफ्टिंग में अब उसकी दो बेटियां मैडल पर मैडल ला रही हैं। पूरा गांव उसे धमतरी का महावीर सिंह फोगाट मानने लगा है।

दो महिला पहलवानों की जिंदगी पर बनी फिल्म दंगल का महावीर सिंह फोगाट का कैरेक्टर आज भी कई लोगों के लिए प्रेरणादायक है, जिसमें पिता महावीर सिंह फोगाट ने अपनी बेटियों को पहलवान बनाया। धमतरी जिले के छोटे से गांव खपरी में भी महावीर सिंह जैसा कैरेक्टर रहता है, जिसका नाम बंशीलाल साहू हैं। बंशी की जिंदगी कठिनाइयों से भरी रही। 6 साल की उम्र में जब वे पहली कक्षा में पढ़ रहे थे, तब माता-पिता का साया उनके सिर से उठ गया। पेंडरवानी निवासी दीदी द्रौपदी और जीजा कचरू ने उनका



लालन-पालन किया, लेकिन वे पढ़ नहीं पाए। पेंडरवानी में रहकर 10 साल तक उन्होंने बकरी चराने का काम किया। इसके बाद गांव लौटकर दूसरों के यहां नौकर बनकर जीवनयापन किया। करीब 25 साल तक वे नौकर लगते रहे। इसके बाद गांव में ही वे लोगों की भैंस चराने लगे। सुबह से शाम तक वे मालिकों के घर में सेवा देते थे।



बंशीलाल साहू



ओजल



देवकी

इसके बाद वे अखाड़ा में प्रैक्टिस करने लगे। शादी हुई, बच्चे हुए फिर भी उन्होंने अखाड़ा नहीं छोड़ा। उनसे प्रेरणा लेकर उनकी दो बेटियों ओजल और देवकी ने भी पहलवानी को कैरियर के रूप में चुना। वे पावर लिफ्टिंग में प्रैक्टिस कर रही हैं। ओजल ने बताया कि उनके पिता उनका हर प्रकार से ख्याल रखते हैं। खाने-पीने से लेकर प्रैक्टिस में आने वाले खर्च में मदद करते हैं। दोनों को गुरु भी अच्छे मिले हैं, जो उनकी हर प्रकार से मदद करते हैं। इन सबके आशीर्वाद से दोनों बहन प्रदेश स्तर ही नहीं राष्ट्रीय स्तर पर भी कई मैडल ला चुकी हैं।

#### आज भी करते हैं मजदूरी

बंशी को पूरा गांव सम्मान से बंशीदादा, बंशी उस्ताद के नाम से संबोधित करता है। इन सब के बीच 55 साल से ज्यादा उम्र होने के बाद भी बंशी आज भी मजदूरी करते हैं। थोड़ी बहुत खेती है, उस पर सब्जी धान लगाते हैं। मजदूरी के अलावा गांव के आयोजन में कुक का भी काम करते हैं। इन सबसे समय बचाकर वे अखाड़ा का संचालन भी करते हैं। बच्चों को वे पैतराबाजी सिखाते हैं। उनके नेतृत्व में जय बजरंग अखाड़ा के पहलवान कई गांवों में जाकर मातर, मड़ई, मेला सहित अन्य आयोजन में हैरतअंगेज कारनामे दिखाते हैं।

#### खेती में निपुण हैं बेटियां

वैसे तो गांवों में अधिकांश महिलाएं खेती करती हैं, परंतु खेती की मेहनत करने वाला काम पुरूष ही करते हैं। बंशीलाल की बेटियां खेती के हर काम में निपुण हैं। खेती में जो काम पुरूष करते हैं, उन कार्यों को भी वे आसानी से कर लेती हैं। बोरा उठाने से लेकर बैलगाड़ी चलाना। खेतों की जुताई, मताई, बैलगाड़ी चलाना जैसे काम भी रोजाना करती हैं।

#### जीते कई मैडल

ओजल ने पावर लिफ्टिंग में कई राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिताओं में मैडल लाया है। मुंबई में प्रथम, हिमाचल प्रदेश में द्वितीय, झारखंड में प्रथम स्थान प्राप्त किया है। इसके अतिरिक्त कई मैडल उसने प्रदेश और जिला के लाए हैं। देवकी ने दिल्ली और दल्लीराजहरा के कार्यक्रम में प्रथम और द्वितीय स्थान प्राप्त किया है। हाल ही में 22 दिसंबर को पेंड्रा में आयोजित प्रतियोगिता में उसने प्रथम स्थान प्राप्त किया था।

## विद्युत करंट से दो भैंस की मौत मालिकों को मिली मुआवजा राशि



हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

विद्युत करंट के संपर्क में किसी पशु या मनुष्य के आने से होने वाली मृत्यु या स्थाई अस्थाई दिव्यांगता की स्थिति में पात्र पाए जाने पर मुआवजा दिए जाने का प्रावधान है। इस प्रावधान के तहत 10 जून 2024 को ग्राम उड़ेना (छाती वि.के) निवासी शिवकुमार चंद्राकर के भैंस की मृत्यु विद्युत करंट के संपर्क में आने से हो गई थी। इसी तरह 24 अगस्त 2024 को ग्राम रत्नाबांधा (आमदी वि.के) निवासी अजय यादव के भैंस की मृत्यु विद्युत करंट के संपर्क में आने से हो गई थी। दोनों ही व्यक्ति ने मुआवजा राशि के लिए आवेदन जमा किया। आवश्यक औपचारिकताएं पूर्ण करने के पश्चात 4 मार्च को संभागीय धमतरी में 32800 एवं 32800 की मुआवजा राशि दोनों हितग्राहियों को कार्यपालन अभियंता अनिल प्रसाद सोनी द्वारा प्रदान की गई। साथ ही पशु मालिकों को विद्युत दुर्घटनाओं से अपने पशुओं को बचाने आवश्यक सावधानी बरतने के लिए भी प्रेरित किया।

## ठेकेदार निगम व आम जनमानस के बीच सेतु का काम करते हैं : रामू



- ठेकेदार एसोसिएशन ने किया महापौर का सम्मान

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

नवनिर्वाचित महापौर रामू रोहरा का निगम कार्यालय में ठेकेदार एसोसिएशन ने पुष्पगुच्छ देकर सम्मान किया। इस अवसर पर श्री रोहरा ने कहा कि निगम में कार्य करने वाले निविदाकार के सहयोग के बिना वे शहर के विकास की परिकल्पना नहीं कर सकते। निविदाकार निगम व आम जनमानस के बीच पुल का काम करते हैं। उन्होंने ठेकेदारों को आश्वस्त किया कि उनके हितों से कोई समझौता नहीं होगा साथ ही उन्होंने उनसे शहर विकास में होने वाले कार्यों में खासकर समय व गुणवत्ता पर विशेष ध्यान रखने का आग्रह किया। उन्होंने ठेकेदारों की होने वाली व्यवहारिक दिक्कतों को भी जल्द दूर करने का आश्वासन दिया।

इस अवसर पर आलोक जाधव, लोकेश जगताप, सुशांत ठाकुर, पिंटू अग्रवाल, मोहित जैन, राजू कुरैशी, भुनेश चक्रधारी, मंशा साहू, राकेश तिवारी, षार्षद कुलेश सोनी, राकेश चंदवानी सहित बड़ी संख्या में ठेकेदार उपस्थित थे।

## विभिन्न विकास कार्यों की स्वीकृति के लिए वित्तमंत्री से मिले विधायक ओंकार

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

विधायक ओंकार साहू ने नगर निगम अंतर्गत सोरम में गोकुल नगर, मल्टीलेवल पार्किंग सह व्यावसायिक परिसर निर्माण कार्य (नागरिक सहकारी बैंक के पास), अर्जुनी में हाईटेक बस स्टैंड, स्वीमिंग पुल निर्माण कार्य, गोल बाजार का पुनर्निर्माण, चिटौद में ट्रसंसपोर्ट नगर समेत अन्य विकास कार्यों को लेकर वित्त मंत्री ओपी चौधरी को ज्ञापन सौंपा। विधायक ने वित्तमंत्री के समक्ष बात रखी कि नया बस स्टैंड बढ़ती जनसंख्या और बढ़ते यात्री वाहनों के कारण छोटा पड़ने लगा है। यहां हर पल अव्यवस्था दिखती है।

धमतरी से लगे ग्राम अर्जुनी में बस स्टैंड के लिए जमीन भी तलाश ली गई। फंड नहीं मिलने से बस स्टैंड के लिए आरक्षित जमीन को नगर के अन्य काम में लाना पड़ रहा है। धमतरी को जिला बने 25 वर्ष होने को है। इसके बावजूद सर्वसुविधायुक्त बस स्टैंड नहीं बन पाया। वर्तमान में प्रतिदिन 150 से अधिक बड़ी बसें और



100 से अधिक मिनी बसें बस स्टैंड से होकर आती-जाती हैं। रायपुर से जगदलपुर और जगदलपुर से रायपुर रुट में चलने वाली 150 से अधिक बड़ी बसें स्टापेज लेती हैं। इसके अलावा रायपुर, नगरी, भखारा, दुर्ग, राजनांदगाव, मगरलोड, नरहरपुर समेत कुछ अन्य रुटों में 100 से अधिक मिनी बसें चलती हैं। इसके अलावा 600 से अधिक आटो एवं ईरिक्शा बस स्टैंड से यात्रियों को अलग- अलग रूटों पर लाते और ले जाते हैं। विधायक ने वित्त मंत्री से कहा कि उपरोक्त निर्माण कार्यों की तकनीकी स्वीकृति हो चुकी है। प्रशासनिक स्वीकृति जल्द प्रदान करने का आग्रह किया।

## 19 को किसान पंचायत में शामिल होंगे राकेश टिकैत



- नेहरू गार्डन में आयोजित बैठक में किसानों की समस्याओं पर हुई चर्चा

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

छत्तीसगढ़ किसान यूनियन की बैठक 4 मार्च को नेहरू गार्डन में हुई। बैठक में 19 मार्च को होने वाली किसान पंचायत को सफल बनाने एवं राकेश टिकैत के शामिल होने और किसानों की समस्याओं के बारे में चर्चा की गई।

किसानों ने सभी फसलों पर न्यूनतम समर्थन मूल्य कानूनी गारंटी देने, कृषि कार्य को मनरेगा से जोड़ने, चना उत्पादक किसानों को 2500 रुपए की प्रोत्साहन राशि प्रति एकड़ किसानों को देने, महानदी में रेत उत्खनन बंद कर गिरते जल स्तर व पर्यावरण बचाने की मांग की। केंद्र सरकार द्वारा समर्थन मूल्य में 117 रुपए की बढ़ोतरी राशि को धान की अंतर राशि 3100 रुपए की बजाय 3217 रुपए दी जाए। अमानक नकली खाद व नकली दवाई पर प्रतिबंध की मांग की। नई कृषि नीति एवं व्यापार नीति वापस ली जाए। जंगली जानवरों हमले से मृत व्यक्ति के परिवार को 10 लाख रुपए की मुआवजा राशि एवं घायल व्यक्ति के परिवार को 3 लाख रुपए मुआवजा एवं सरकार द्वारा मुफ्त इलाज किया जाए। किसानों का मोटर पंप का बिजली पूर्ण रूप से माफ किया जए। इन मुद्दों को किसान पंचायत में रखने का निर्णय हुआ।

मौके पर भारतीय किसान यूनियन छत्तीसगढ़ के महासचिव तेजराम विद्रोही, घनाराम साहू किसान यूनियन जिला अध्यक्ष धमतरी, महावीर साहू महासचिव, सुदर्शन ठाकुर कोषाध्यक्ष, राम निहोरा निषाद उपाध्यक्ष, पुष्कर साहू ब्लॉक अध्यक्ष धमतरी, दीनदयाल साहू विधानसभा महासचिव, ईश्वर नवरंगे, हमेशकुमार रंगारी, प्रेमलाल साहू, राकेश ध्रुव नगरी, नाथूराम नेताम, भुनुराम साहू, रघुनाथ साहू, कुशल साहू मौजूद थे।











विश्व महिला दिवस के सुअवसर पर
नगर पंचायत कुरुद के नवनिर्वाचित अध्यक्ष ज्योति भानु चंद्राकर
एवं समस्त पार्षदगणों का
शपथ ग्रहण समारोह
में पधारे समस्त अतिथियों एवं नागरिकों का
हार्दिक अभिनंदन...
नवनिर्वाचित भाजपा पार्षदगण
महेन्द्र गायकवाड़ वार्ड 4
मिथलेश बैस वार्ड 5
नितेश सिन्हा वार्ड 6
रवि मानिकपुरी वार्ड 8
कविता चन्द्राकर वार्ड 9
राजकुमारी ध्रुव वार्ड 11
दिनांक- 08 मार्च 2025,
दिन- शनिवार
समय- दोपहर 12 बजे,
स्थान: नगर पंचायत परिसर कुरुद
ज्योति भानु चंद्राकर
नवनिर्वाचित अध्यक्ष न.पं. कुरुद
समस्त चुनाव संचालक गण
विनीत: भारतीय जनता पार्टी कुरुद के समस्त कार्यकर्तागण




मा. अमित शाह
मा. जेपी नड्डा
मा. तोखन साहू
मा. अरूण साव
मा. टंकराम वर्मा
मा. रूपकुमारी चौधरी
मा. प्रकाश बैस
मा. रंजना साहू
मा. निरंजन सिन्हा
मा. कमलेश ठोकने
मा. भीमदेव साहू
मा. पंकज सिन्हा
मा. छत्रपाल बैस
मा. मालकराम साहू
मा. रविकांत चन्द्राकर
मा. दुलार सिन्हा
मा. हरख जैन
मा. सतीश जैन
मा. आनंद यदु
मा. आगेश्वर ध्रुव
मा. भानु चन्द्राकर
मा. श्याम साहू
मा. गौकरण साहू
मा. लोकेश्वर सिन्हा
मा. रवि सिन्हा
मा. कृष्णकांत साहू
मा. डॉ. लोकेश साहू
मा. भोलाराम साहू
मा. टिकेश साहू
मा. यशवंत गंजीर
मा. सिंधु बैस
मा. ज्योति चंद्राकर
मा. ज्योति हरख जैन
मा. पूजा सिन्हा
8 MARCH
अंतर्राष्ट्रीय
महिला दिवस
की
हार्दिक शुभकामनाएं...
मा. नरेन्द्र मोदी
मा. विष्णु देव साय
मा. किरण सिंह देव
मा. लक्ष्मी राजवाड़े
मा. विजय शर्मा
मा. डॉ. रमन सिंह
जग को जीवन देने वाली मौत भी तुझसे हारी है,
कोमल है तू कमजोर नहीं, शक्ति का नाम ही नारी है...
जनपद पंचायत कुरुद क्षेत्र के प्रथम ग्राम जोरातराई (सि)
से प्रथम बार जनपद सदस्य निर्वाचित होकर जनपद अध्यक्ष
पर पर सुशोभित होने जा रही
श्रीमती गीतेश्वरी हेमंत साहू को
हमारे ग्राम एवं क्षेत्र का नाम गौरवान्वित
करने के लिये बधाईयां...
एवं
तीन बार सरपंच निर्वाचित होकर
विधायक अजय चन्द्राकर जी
के मार्गदर्शन एवं सहयोग से ग्राम पंचायत सेमरा एवं जोरातराई (सि)
में विकास की गंगा बहाकर कायाकल्प करने वाली
श्रीमती सविता चोवाराम गंजीर को
अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं...
श्रीमती गीतेश्वरी साहू
नवनिर्वाचित अध्यक्ष
जनपद पंचायत कुरुद
श्रीमती सविता गंजीर
निवृतमान सरपंच
ग्राम पंचायत जोरातराई (सि)
मा. अजय चन्द्राकर जी
पूर्व केबिनेट मंत्री एवं विधायक, कुरुद
श्री हेमंत साहू
भाजपा कार्यकर्ता
श्री चोवाराम गंजीर
वरिष्ठ भाजपा नेता
विनीत : समस्त भाजपा कार्यकर्तागण बूथ क्रमांक 87 ग्राम जोरातराई (सि)

**खबर संक्षेप**

## ग्राम पटेल संघ की बैठक 10 को

**नगरी।** ग्राम पटेल संघ तहसील नगरी एवं बेलरगांव की संयुक्त बैठक 10 मार्च सोमवार को दोपहर 12 बजे शीतला मंदिर प्रांगण सिहावा में रखी गई है। यह जानकारी ग्राम पटेल संघ के अध्यक्ष मनहरण लाल साहू ने दी है।

## गायत्री शक्तिपीठ में महिला सम्मान कार्यक्रम आज

**धमतरी।** गायत्री शक्तिपीठ रिसाईपारा में अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर 8 मार्च को महिला सम्मान कार्यक्रम का आयोजन किया गया है। कार्यक्रम दोपहर 3 बजे से शुरू होगा, जिसके मुख्य अतिथि महापौर जगदीश रामू रोहरा होंगे। अध्यक्षता गायत्री शक्तिपीठ धमतरी की मुख्य प्रबंध ट्रस्टी श्रीमती खिलेश्वरी किरण करेंगी। विशिष्ट अतिथि ट्रस्टी श्रीमती मनोरमा कौशिक, श्रीमती यशोदा साहू, श्रीमती माया साहू सहित नगर निगम की सभी महिला पार्षद होंगी।

## जिला देवांगन समाज की कार्यकारिणी बैठक 9 को

**सिर्री।** धमतरी जिला देवांगन समाज की कार्यकारिणी बैठक ग्राम



सुपेला में 9 मार्च रविवार को सुबह 11 बजे होगी। मां परमेश्वरी की पूजा-अर्चना पश्चात पदाधिकारियों का स्वागत एवं अध्यक्ष का उद्बोधन होगा। विभिन्न सामाजिक मुद्दों पर चर्चा की जायेगी। बैठक में समाज के विभिन्न प्रकोष्ठ से उपस्थिति की अपील की गई है। यह जानकारी खूबलाल देवांगन जिला सहसचिव ने दी है।

## पुरोधाओं की प्रतिमा को तोड़ना घिनौना कृत्य : अमन

**धमतरी।** ग्राम कुर्रा में असामाजिक तत्वों ने अटल बिहारी वाजपेयी की



प्रतिमा को तोड़ दिया है। आमदी मण्डल अध्यक्ष अमन राव ने इस घटना की कड़ी निन्दा करते हुए कहा कि पुरोधाओं की प्रतिमा के साथ तोड़फोड़ किया जाना एक घिनौना कृत्य है। जो भी असामाजिक तत्वों द्वारा इस घटना को अंजाम दिया गया है उसके खिलाफ कानूनी कार्रवाई कर कठोर दंड दिया जाए और पुनः उसी जगह पर सम्मान के साथ दूसरी प्रतिमा स्थापित की जाए। किसी भी पुरोधाओं की प्रतिमाओं को खंडित करना अमानवीकृत है। आगे कहा कि स्व. अटल बिहारी वाजपेयी देश के पूर्व प्रधानमंत्री, महान कवि, भारत रत्न से सम्मानित व सुशासन के प्रणेता है, जिन्होंने भारत में सुशासन की नींव रखी थी और उनकी प्रतिमा के साथ इस प्रकार की कृत्य करना देश के सम्मान को ठेस पहुंचाना है।

## राष्ट्रविरोधी कृत्यों को बर्दाश्त नहीं किया जायेगा : हेमंतमाला

**आमदी(धमतरी)।** ग्राम कुर्रा में भारत रत्न, पूर्व प्रधानमंत्री अटल



बिहारी वाजपेयी की प्रतिमा को कुछ असामाजिक तत्वों ने क्षतिग्रस्त कर दिया है। नगर पंचायत आमदी के पूर्व अध्यक्ष हेमंत माला ने इस कृत्य की कठोर शब्दों में निंदा की है। उन्होंने कहा कि अटल जी केवल एक नाम नहीं, बल्कि एक विचारधारा और आदर्श हैं, जिनकी प्रेरणा से देश ने प्रगति की राह पकड़ी। श्री माला ने स्थानीय प्रशासन से मांग की है कि मूर्ति को शीघ्र ही पुनः स्थापित किया जाए और दोषियों पर सख्त कानूनी कार्रवाई की जाए। उन्होंने कहा कि ऐसे राष्ट्रविरोधी कृत्यों को किसी भी स्थिति में बर्दाश्त नहीं किया जा सकता। इस घटना से ग्रामवासियों में गहरा आक्रोश है। क्षेत्र के नागरिकों ने एकजुट होकर इस कृत्य की निंदा की और प्रशासन से त्वरित न्याय की मांग की है। स्थानीय स्तर पर भी अटल जी की प्रतिमा की पुनर्स्थापना की मांग उठ रही है।

### जिला अस्पताल के लचर सिस्टम से मरीज हो रहे परेशान

# वेंटिलेटर के लिए डेढ़ घंटे तक एम्बुलेंस में तड़पता रहा मरीज

हरिभूमि न्यूज ⏭ धमतरी

जिला अस्पताल के लचर सिस्टम की पोल खुलकर सामने आई है। नाजुक हालत में भर्ती कराने लाया गया मरीज वेंटिलेटर नहीं मिलने पर डेढ़ घंटे तक जिला अस्पताल के सामने एम्बुलेंस में तड़पता रहा।

मेकाहारा अस्पताल के आईसीयू में लगभग दो माह भर्ती सड़क दुर्घटना में घायल मरीज जीवनलाल भूआर्य 50 वर्ष ग्राम जैसेकर्रा चारामा निवासी को गुरूवार को परिजन गुरूवार की शाम एम्बुलेंस से जिला अस्पताल लेकर पहुंचे। मरीज मेकाहारा से वेंटिलेटर पर था। मेकाहारा के डाक्टरों के जवाब देने के बाद परिजन मरीज को वेंटिलेटर की सुविधा की उम्मीद लेकर जिला अस्पताल लेकर पहुंचे थे। मेकाहारा से मरीज को लेकर पहुंची एम्बुलेंस अस्पताल के सामने खड़ी रही लेकिन जिला अस्पताल में पहले तो वेंटिलेटर नहीं होना बताया गया। बाद में वेंटिलेटर का आपरेटर नहीं होने की बात कही गई। इसी चक्कर में मरीज एम्बुलेंस में लगभग डेढ़ घंटे तक तड़पता रहा। इस दौरान अस्पताल के डाक्टरों ने मरीज को भर्ती करना जरूरी नहीं समझा। काफी समय के बाद मरीज को न्यू वार्ड में स्थित आईसीयू वार्ड में भर्ती किया गया। जहां वेंटिलेटर बेड तो है लेकिन संसाधन नहीं है। मरीज के गले में लगी पाइप में लगाने के लिए आईसीयू वार्ड में टी-पीस नहीं था। जिसे परिजनों ने खरीदकर लाया। तब कहीं जाकर मरीज को आक्सीजन देने के साथ अन्य आवश्यक उपाय किए गए। मरीज को गुरूवार की रात्रि में ही कांकेर जिला अस्पताल रिफर कर दिया गया है।



### मामले को संज्ञान में लेता हूं : कलेक्टर

जिला अस्पताल में मरीज को वेंटिलेटर के लिए घंटों इंतजार करने के मामले में नवपदस्थ कलेक्टर अबिनाश मिश्रा ने मीडिया को बताया कि मीडिया के माध्यम से मामला अभी संज्ञान में आ रहा है। जिला अस्पताल की विजिट करने के बाद एनालिसिस करूंगा।

### यह लापरवाही है

मरीज के पुत्र विकास भूआर्य ग्राम जैसेकर्रा थाना चारामा जिला कांकेर



निवासी ने मीडिया को बताया कि दो महीने पहले उसके पिता जीवनलाल भूआर्य ट्रक के पीछे टकरा गए थे। घटना में उनके सीने व सिर में चोट लगी है, जिसका मेकाहारा अस्पताल रायपुर में उपचार चल रहा था। वहां डाक्टरों द्वारा मरीज की स्थिति में ज्यादा सुधार नहीं आ पाने की बात कहने पर उसे लेकर जिला अस्पताल पहुंचे थे। उसके पिता वेंटिलेटर मरीज हैं लेकिन जिला अस्पताल में वेंटिलेटर नहीं मिलने पर डेढ़ घंटे तक एम्बुलेंस में उनके पिता तड़पते रहे। बाद में बताया गया कि वेंटिलेटर है लेकिन आपरेटर नहीं है। अस्पताल में गंभीर मरीजों को लेकर लापरवाही की जा रही है।

# गौकरण के सिर पर सजा जिपं उपाध्यक्ष का ताज

- क्षेत्र की जनता में उत्साह का माहौल, आतिशबाजी कर मनाया जश्न, बांटी मिठाइयां

हरिभूमि न्यूज ⏭ सिर्री



त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव के बाद जिला पंचायत अध्यक्ष और उपाध्यक्ष की कुर्सी के हकदार का इंतजार जनप्रतिनिधियों सहित जनता को थी।



अंततः इंतजार की घड़ी 7 मार्च को खत्म हुई और लगभग 1 बजे जिला पंचायत अध्यक्ष और उपाध्यक्ष का निर्णय हो गया। सिर्री क्षेत्र के ग्राम कठौली निवासी गौकरण साहू को उपाध्यक्ष के पद पर निर्विरोध चुन लिया गया। श्री साहू के जिपं उपाध्यक्ष बनने से क्षेत्र की जनता में उत्साह का माहौल है।

विदित हो कि हाल ही में संपन्न हुए चुनाव में क्षेत्र क्रमांक 3 से जिला पंचायत सदस्य के रूप में 31 पंचायतों की जनता ने भाजपा प्रत्याशी गौकरण साहू को 15579 मतों से एकतरफा विजय दिलाई। श्री साहू के जिपं उपाध्यक्ष बनने की खबर सुनते ही कार्यकर्ताओं सहित जनता ने भी हार, गुलाल से स्वागत किया और आतिशबाजी कर जश्न मनाया गया। पटाखे फोड़े गए। मिठाइयां बांटी गई। श्री साहू के निवास पर उनको बधाई देने कार्यकर्ताओं की भीड़ उमड़ गई। मौके पर गौकरण साहू ने जनता का आभार व्यक्त करते हुए क्षेत्र में विकास का नया आयाम गढ़ने की बात कही।

इस अवसर पर भाजपा सिर्री मंडल अध्यक्ष लोकेश साहू, चुनाव संचालक थानेश्वर तारक, देवेंद्र साहू, नरेंद्र ध्रुवंशी, इन्द्रनारायण साहू, शेषनारायण दुबे, गौरव भोसले, ठाकुर राम साहू, नवनिर्वाचित जनपद सदस्य दिलीप चकधारी, त्रिलोचन साहू, नवनिर्वाचित सरपंच डा. खेमराज साहू कठौली, ओमप्रकाश साहू परसट्ठी, जयमित्र साहू गोजी सरपंच, डेमिन सालिक साहू नारी सरपंच, वीणा साहू मौरीकला, ऋषभ देव, डोमार साहू, डोमन, रामचंद्र, अर्जुन निषाद, महेंद्र, ओमराम, पुरूषोत्तम साहू, राधेश्याम, नोहर, लीलेश साहू, सागर साहू मंत्री भाजयुमो सिर्री मंडल, पूर्व जनपद सदस्य देवेंद्र साहू, जागेश्वर साहू, थानुराम साहू, सुरीत साहू, अमरसिंग, कौशल कुमार साहू बूथ अध्यक्ष, राजेंद्र साहू, घनश्याम साहू, विमल साहू, सालिक राम, हिरामन चक्रधारी, भुनेशर चक्रधारी, विदेश, घनश्याम साहू, हेमचंद साहू, रोशन साहू, थानसिंग साहू, भूषण साहू, युवराज साहू, रामनाथ साहू, कृष्ण साहू, भुवन साहू ने हर्ष व्यक्त किया है।

## नपं कुरूद व भखारा के नवनिर्वाचित अध्यक्ष एवं पार्षद आज लेंगे शपथ

हरिभूमि न्यूज ⏭ कुरूद





नगर पंचायत कुरूद एवं भखारा-भठेली में 8 मार्च को अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर नवनिर्वाचित अध्यक्ष और पार्षदों का शपथ ग्रहण समारोह रखा गया है।

नगरीय निकाय चुनाव में निर्वाचित हुए अध्यक्ष एवं पार्षदों का शपथ ग्रहण 8 मार्च शनिवार को रखा गया है। जिसमें नगर पंचायत कुरूद की नवनिर्वाचित अध्यक्ष श्रीमती ज्योति भानु चन्द्राकर एवं 15 पार्षदों को शपथ दिलाई जाएगी। शपथ ग्रहण समारोह दोपहर 12 नगर पंचायत परिसर में होगा। मुख्य अतिथि विधायक कुरूद अजय चन्द्राकर होंगे। अध्यक्षता नेहरुराम निषाद अध्यक्ष छग राज्य पिछड़ा वर्ग आयोग करेंगे। विशिष्ट अतिथि पूर्व नगर पंचायत अध्यक्ष निरंजन सिन्हा, रविकांत चन्द्राकर, पूर्व नेता प्रतिपक्ष भानु चन्द्राकर एवं मंडल अध्यक्ष कृष्णकान्त साहू होंगे।

इसी तरह नगर पंचायत भखारा-भठेली परिसर में दोपहर 2 शपथ ग्रहण समारोह रखा गया है जिसमें नवनिर्वाचित अध्यक्ष श्रीमती



ज्योति हरख जैन समेत 15 पार्षदगण शपथ लेंगे। मुख्य अतिथि पूर्व मंत्री चन्द्राकर होंगे। अध्यक्षता नेहरू निषाद करेंगे। विशिष्ट अतिथि नवनिर्वाचित जनपद अध्यक्ष गीतेश्वरी साहू, पूर्व नगर पंचायत अध्यक्ष पुष्पलता रामगोपाल देवांगन, जनपद सदस्य आनन्द यदु, लोकेश्वर सिन्हा, मण्डल अध्यक्ष रवि सिन्हा, भीमदेव साहू, बिंझवारराम साहू, बंशी पटेल, गिरीराज सोन होंगे। नगर पंचायत कुरूद में शपथ ग्रहण की तैयारी मुख्य नगर पालिका अधिकारी महेंद्र दास गुप्ता एवं भखारा में संतोष विश्वकर्मा समेत अन्य कर्मचारियों द्वारा जोर-शोर से की जा रही है।

## घेराबंदी कर पुलिस ने 10 जुआरी पकड़े



आरोपियों के कब्जे एवं फड़ से 47800 रुपए एवं ताशपत्ती जब्त

हरिभूमि न्यूज ⏭ अंवरी

भखारा पुलिस को मुखबीर से सूचना मिली कि रूपनारायण साहू के घर के सामने कुछ लोग 52 पत्ती ताश से हारजीत का दांव लगाकर जुआ खेल रहे हैं। इस सूचना पर थाना प्रभारी ने अपनी टीम के साथ रेड की कार्रवाई की। कुछ लोग पुलिस को देखकर भाग गये। तथा कुछ लोग जुआ खेलते रंगे हाथ पकड़े गये जिसमें रूपनायण साहू पिता बसंत साहू उम्र 44 वर्ष साकिन गातापार थाना भखारा, कमलेश कुमार साहू पिता कल्याण साहू उम्र 33 वर्ष साकिन गातापार थाना भखारा, गोपाल साहू पिता भारत साहू उम्र 34 वर्ष साकिन हंचलपुर थाना भखारा, नीलकमल साहू पिता नरोत्तम साहू उम्र 33 वर्ष साकिन गातापार थाना भखारा, मनीष साहू पिता महादेव साहू उम्र 36 वर्ष साकिन हंचलपुर थाना भखारा, उमेश पटेल पिता अशोक पटेल उम्र 23 वर्ष साकिन भेण्डरवानी थाना भखारा, डुमेन्द्र कुमार साहू पिता माखन लाल उम्र 24 वर्ष साकिन भेण्डसर थाना भखारा, नीलू साहू पिता खुबी राम उम्र 23 वर्ष साकिन वार्ड क्रमांक 09 भखारा थाना भखारा, रामधानी साहू पिता भरत साहू उम्र 40 वर्ष साकिन भेण्डसर थाना भखारा, सूरज कुमार साहू पितामणी राम उम्र 48 वर्ष साकिन गातापार थाना भखारा शामिल है। जुआरियों के पास से एवं फड़ से कुल 47800 रूपये एवं ताशपत्ती जप्त की गई। धारा 3(2) छ.ग.जुआ प्रतिशेध अधिनियम 2022 के तहत अपराध पंजीबद्ध कर वैधानिक कार्रवाई की गई। इस कार्रवाई में थाना प्रभारी उपनिरीक्षक उमाकांत तिवारी, प्रआर त्रिलोकी बघेल, मनोहर साहू, आरक्षक खुमान लाल साहू, गजेन्द्र टण्डन, हरिशंकर सिन्हा, हेमराज नेताम, महिला आरक्षक अमृता मत्स्यपाल का योगदान रहा।

## बोर्ड परीक्षा में एक भी नकल प्रकरण नहीं

10 वीं के 4 पेपर बाकी, 12 वीं की परीक्षा 28 मार्च तक चलेगी



हरिभूमि न्यूज ⏭ धमतरी

बोर्ड परीक्षा में नकल रोकने के लिए 22 उड़नदस्ता बनाए गए हैं। परीक्षा चालू होने के बाद से ही लगातार यह टीम परीक्षा केंद्रों का निरीक्षण कर रही है लेकिन अब तक एक भी नकल प्रकरण नहीं बना है। शुक्रवार को 10 वीं बोर्ड का दूसरा पेपर हुआ। इसमें भी नकल प्रकरण शून्य रहा।

बोर्ड परीक्षा निर्विघ्न रूप से जारी है। जिले के सभी 85 परीक्षा केंद्रों में बारी-बारी से 10वीं और 12वीं के पेपर हो रहे हैं। अब तक दोनों ही कक्षाओं के 2-2 पेपर हो चुके हैं। अब 10 वीं कक्षा के 4 पेपर बचे हैं। जबकि 12 वीं की परीक्षा 28 मार्च तक जारी रहेगी। शुक्रवार को कक्षा 10 वीं का गणित पेपर हुआ, जिसमें छात्रों की दर्ज संख्या 10329 थी। इसमें से 10782 ने परीक्षा दिलाई, जबकि 147 अनुपस्थित रहे। विकासखंडवार अनुपस्थिति का आंकड़ा देखें तो सबसे ज्यादा धमतरी ब्लाक में 47 छात्र अनुपस्थित रहे, लेकिन छात्रों की दर्ज संख्या के हिसाब से अनुपस्थिति के मामले में दूसरे नम्बर पर है। यहां पर 1.35 प्रतिशत छात्र अनुपस्थित रहे। नगरी ब्लाक में 40 छात्र अनुपस्थित रहे। यहां पर अनुपस्थिति का प्रतिशत सर्वाधिक 1.80 रहा। कुरूद और मगरलोड में 30-30 छात्र अनुपस्थित रहे। यहां पर अनुपस्थिति का प्रतिशत क्रमशः 1.05 और 1.69 रहा।

### जिले में 22 उड़नदस्ता टीम

धमतरी जिले में कुल 22 उड़नदस्ता दल का गठन किया गया है। इसमें से 2 टीम जिलास्तरीय है। इस टीम को जिले के सभी 85 परीक्षा केंद्रों में निरीक्षण का अधिकार है। यह ब्लाक स्तर पर 4 टीम है, जो अपने-अपने ब्लाक के परीक्षा केंद्रों पर नजर रख रही है। इसके अतिरिक्त 16 उड़नदस्ता दल और गठित है, जो स्थानीय स्तर पर आसपास के 4-5 स्कूलों में नकल प्रकरण रोकने का काम कर रहा है।

तुरंत आराम के लिए
तुलसी आयुर्वेदिक चिकित्सालय
पता - तुलसी निवास, बस स्टैंड के पीछे, उपाध्याय नर्सिंग होम के सामने, धमतरी मो.नं. : 9993010732
लकवा रोग, वातरोग - सभी प्रकार के दर्द, गठियाबात, साइटिका, झुनझुनी वात, कमरदर्द, घुटना दर्द, अकड़न, नस रोग का इलाज
चर्मरोग - दाद, खुजली, बेमची, मुंह में छाला होना का इलाज
पेट रोग - कब्ज, गैस, भूख न लगना, खट्टी डकार आना का इलाज
बवासीर - मस्सा होना, खून निकलना, खुजली होना का इलाज
पुरूष रोग - धातुस्राव, शीघ्रपतन व कमजोरी का इलाज
स्त्री रोग - लाल, सफेद पानी आना, मासिक रुकावट का इलाज
बुखार, खांसी, स्वांसरोग, मूत्ररोग, केशरोग, दांतरोग का इलाज

### भखारा में हुआ परिक्षेत्रीय सर्व सेन समाज का वार्षिक अधिवेशन

# सेन समाज अपने व्यवसाय को करे अपडेट : ज्योति

हरिभूमि न्यूज ⏭ अंवरी

परिक्षेत्रीय सर्व सेन समाज का वार्षिक अधिवेशन भखारा के सामाजिक भवन में हुआ। मुख्य अतिथि नवनिर्वाचित नगर पंचायत अध्यक्ष ज्योति हरख जैन थी। अध्यक्षता सर्व सेन समाज के जिलाध्यक्ष धनसिंह सेन ने की। विशिष्ट अतिथि वरिष्ठ समाजसेवी मोहित सेन, जिला कोषाध्यक्ष रविकुमार कौशल एवं सभापति केशवराम सेन थे। इस अवसर पर मुख्य अतिथि श्रीमती जैन ने कहा कि सेन समाज शिक्षा और नई तकनीकी से अपने व्यवसाय को आज की मांग के अनुरूप अपडेट करें तभी आज के व्यवसायिक प्रतिस्पर्धा के दौर में आर्थिक रूप से समृद्ध हो सकेंगे।

मंगलवार को भखारा सामाजिक भवन में आयोजित सर्वसेन समाज के परिक्षेत्रीय वार्षिक अधिवेशन का शुभारंभ अतिथियों एवं जिला, क्षेत्रिय पदाधिकारियों ने संत शिरोमणि सेनजी महाराज की पूजा-अर्चना कर किया। मुख्य अतिथि नपं अध्यक्ष श्रीमती ज्योति जैन ने कहा कि सेन समाज को अपने व्यवसाय को आज की मांग के अनुरूप अपटेड करने की जरूरत है। तभी आप इस व्यवसायिक प्रतिस्पर्धा के दौर में समृद्ध हो पाएंगे। साथ ही शिक्षा



और नई तकनीकी को अपनाएं। नशापान को अभिशाप बताते हुए उन्होंने शराब व अन्य दुर्व्यसनों का त्याग कर एक आदर्श समाज बनाने की अपील की। मोहित सेन ने कहा कि हम अपने बच्चों को अच्छी शिक्षा एवं संस्कार दें।

उन्होंने यह भी कहा कि भखारा परिक्षेत्र के लिए गर्व की बात है कि इस क्षेत्र के दो-दो सदस्य जिला अध्यक्ष व सचिव निर्वाचित होकर जिला का नेतृत्व कर रहे हैं। रविकुमार कौशल ने सामाजिक एकता को बनाए रखने की बात कही। हरख जैन ने सेन समाज के व्यवसाय को आज की मांग के अनुरूप परिवर्तन करने की जरूरत बताई। धनसिंह सेन ने जिलाध्यक्ष के रूप में दूसरी बार समाज का नेतृत्व प्रदान करने के लिए आभार जताते हुए भावी योजनाओं की जानकारी दी। इससे पूर्व परिक्षेत्रीय अध्यक्ष भगवानी राम शांडिल्य ने संत शिरोमणि सेनजी महाराज की महत्ता पर प्रकाश डाला। उनके आदर्शों को आत्मसात करने की बात कही।

सामाजिक भवन सम्बधी मांग पत्र नगर पंचायत अध्यक्ष को सौंपा। सामाजिक प्रकरणों का निराकरण किया गया। अधिवेशन में उपाध्यक्ष पंचराम सेन, डेरहाराम सेन, सचिव देवेन्द्र सेन, सहसचिव शिवनंद सेन, गजानंद सेन, पुरूषोत्तम सेन, राधेश्याम सेन, बसन्त सेन, ज्वालाप्रसाद सेन, रोहित सेन, मस्तराम सेन, बिसहतराम, भैयाराम, गोलू सेन, पुरूषोत्तम सेन, बिसम्बर सेन, चैनूराम सेन, नरेश, सुरेश, अर्जुन, हेमंत सेन, कमलेश, कीर्तन सेन, रूद्रेश कुमार सेन, रविन्द्रकुमार सेन, कीर्तिराम, कुलेश्वर भार्गव, चम्पेश्वर, रुक्मण, टेमन सेन, डोमार सेन, अर्जुन सेन, रूपेश सेन, महेंद्र सेन, झुमुकराम सेन सहित बड़ी संख्या में समाजन उपस्थित थे।

चर्म रोग एवं एलर्जिक क्लीनिक
विशेषताएं- स्थायी ईलाज
पुराना दाद एवं खुजली, बेमची, मुहांसे (पिंपल्स) सफेद दाग, एलर्जी वाली खुजली)



डॉ. राकेश साहू होम्योपैथिक विशेषज्ञ
सुबह 10 से 2 एवं शाम 6 से 9 बजे तक (मंगलवार बंद)
डा.जयंत पवार हॉस्पिटल, बांके बिहारी मंदिर के पास, सदर बाजार, धमतरी
मो. 86027-50020

## निधन : अनीता बाबर

**धमतरी।** स्थानीय मराठापारा



निवासी विद्युत विभाग के कर्मचारी अजय बाबर की पत्नी श्रीमती अनीता बाबर का आकस्मिक निधन हो गया। वह समाजसेविका के साथ लायनेस क्लब की अध्यक्ष रहीं। उनके निधन पर अनेक संगठनों ने शोक व्यक्त किया है।

### बैंक अधिकारियों ने ऋण प्रक्रिया की दी जानकारी

**नगरी।** ग्राम कुकरेल में पंजाब नेशनल बैंक द्वारा कृषि प्रसार योजना के तहत किसानों और महिला समूहों के लिए जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। मुख्य अतिथि नवनिर्वाचित जिपं पंचायत सदस्य अजय ध्रुव थे। इस दौरान किसानों को आय बढ़ाने के उपाय और केंद्र व राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं के तहत बैंकों द्वारा दी जाने वाली ऋण सुविधाओं की जानकारी दी गई।

स्वामी जी 93406-38884



By Train- रिजर्वेशन व स्पेशल पैकेज से
चार धाम यात्रा
श्री हरिद्वार, हरकी पौड़ी, ऋषिकेश, श्री उत्तरकाशी, श्री गंगोत्री, श्री यमुनोत्री, श्री बद्रीनाथ, श्री केदारनाथ,
यात्रा दिनांक
29 अप्रैल 2025
10 मई 2025
23 मई 2025
02 जून 2025
29 अगस्त 2025
10 सितंबर 2025
15 दिन की यात्रा
राशि: स्लीपर-22,501/-, 3AC-29,501/-
स्वामी तीर्थ यात्रा
संपूर्ण छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, महाराष्ट्र राज्य में सबसे कम दरों पर तीर्थ यात्रा
91111-11866
Head Office : सिटी सेंटर मॉल ग्राउण्ड फ्लोर पावर हाउस रोड कोरबा (छ.ग.)

online Booking:-www.tripuryatra.com
सुविधा ज्यादा सबसे कम राशि पर
स्लीपर मात्र 17,000/-
8 रात व 9 दिन
EX हरिद्वार



चार धाम यात्रा
श्री केदार नाथ, श्री बद्रीनाथ, श्री गंगोत्री, श्री यमुनोत्री
02 मई से 10 मई 2025, 07 मई से 15 मई 2025, 18 मई से 26 मई 2025, 29 मई से 06 जून 2025, 09 जून से 17 जून 2025
राशि:- स्टैंडर्ड पैकेज 17,000/- (+5%GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
RAIPUR- D-36, Sector-4, Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road
संपर्क करें:-7354-411411

आवश्यकता है
हरिभूमि समाचार पत्र को जिला धमतरी में पार्ट टाईम डोर-टू-डोर कार्य हेतु युवक-युवतियों की आवश्यकता है, जिसके पास स्वयं का साधन हो तत्काल संपर्क करें।
पद - 10
योग्यता : 10वी, 12वीं, स्नातक
वेतन : 12000 +
Resume Whatsapp करें
9098324969
हरिभूमि कार्यालय
बठेना हॉस्पिटल के सामने
धमतरी (छत्तीसगढ़)